BSES

एक दिन में 248 छापे, 900 किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ी

एक दिन के भीतर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

नई दिल्लीः 1 जुलाई, 2014। बिजली चोरों के खिलाफ अपने सबसे बड़े अभियान के तहत, बीआरपीएल और बीवाईपीएल एक दिन के भीतर 248 जगहों पर छापे मारे और 900 किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ी। दिल्ली पुलिस के सहयोग से इतने बड़े पैमाने पर छापेमारी को अंजाम दिया गया। उन इलाकों में भी छापेमारी की गई, जहां बिजली चोरी पकड़ने के लिए जाना असंभव–सा होता है।

बीआरपीएल ने पश्चिम और दक्षिण दिल्ली में एक दिन में 130 जगहों पर छापेमारी करते हुए 460 किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ी। अकेले पालम में 107 किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ी गई।

वहीं, बीवाईपीएल ने पूर्वी और मध्य दिल्ली में एक दिन के अंदर 110 जगहों पर छापेमारी करके 424 किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ी। अकेले कृष्णा नगर में ही 115 किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ी गई।

बीआरपीएल टीमों के साथ भारी संख्या में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी थी। दो आईपीएस अधिकारियों और पांच एसएचओ समेत कुल 100 पुलिसकर्मी बीआरपीएल एन्फोर्समेंट टीमों की मदद के लिए मौजूद थी। बीवाईपीएल टीमों के साथ भी कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

इस एक–दिवसीय मास रेड के दौरान बीआरपीएल के पालम, विकासपुरी, सरिता विहार और पंजाबी बाग में सर्वाधिक चोरी पकड़ी गई, जबकि बीवाईपीएल नंदनगरी, कृष्णा नगर, और दरियागंज में सबसे ज्यादा बिजली चोरी पकड़ में आई।

उल्लेखनीय है कि बीवाईपीएल और बीआरपीएल ने बिजली चोरी के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा अभियान छोड़ रखा है। अब दिन नही नहीं, बल्कि रात के वक्त भी छापेमारी की जा रही है। एन्फोर्समेंट टीमें शनिवार, रविवार और छुट्टी के अन्य दिनों में भी बिजली चोरी के खिलाफ सख्त अभियान चला रही हैं। पूर्वी व मध्य दिल्ली और पश्चिम व दक्षिण दिल्ली में करीब 150 इलाकों को चिह्नित कर लिया गया है, जहां बड़े पैमाने पर बिजली की चोरी हो रही है।

छापेमारी के दौरान जिन इलाकों पर मुख्य तौर पर बीएसईएस का फोकस है, वे हैंः

बीवाईपीएलः शाहदरा, नंद नगरी, करावल नगर, कल्याणपुरी, अशोक नगर, न्यू अशोक नगर, गाजीपुर गांव, त्रिलोकपुरी, रघुबरपुरा, गांधी नगर, दरियागंज, चूड़वालां, न्यूकसाबपुरा, पहाड़गंज।

बीआरपीएलः तिलकनगर, पालम, नांगलोई, जफ्फारपुर, बिंदापुर, मुनीरका, तिगड़ी, मेहरौली, हरकेश नगर, गोबिंदपुरी, जामिया नगर, संगम विहार।

मास रेड के दौरान असामाजिक तत्व प्रायः बीएसईएस की एन्फोर्समेंट टीमों पर हमला कर देते हैं। छापेमारी करने वाली टीमों की सुरक्षा के लिए अब अभियान पर दिल्ली पुलिस की टीमें जा रही हैं। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों की मौजूदगी की वजह से ही उन इलाकों में भी छापेमारी की जा सकी, जहां जाना आमतौपर पर बहुत खतरनाक साबित होता है।

जुलाई 2002 से बीवाईपीएल और बीआरपीएल ने बिजली चोरी के 2.5 लाख मामले पकड़े हैं, जिनमें 7.65 लाख किलोवॉट बिजली की चोरी पकड़ी गई है। बीएसईएस ने अपने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने आसपास नजर रखें और बिजली की चोरी के बारे में बीआरपीएल को 399 99 707 और बीवाईपीएल को 399 99 808 पर सूचना दें।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनी बीआरपीएल और बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

....